Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to appoint adequate number of teaching faculty and non-teaching staff in Allahabad University and change the name of the University as Prayagraj University -laid.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र फूलपुर, जनपद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। मेरे क्षेत्र में इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय को एक समय में पूर्व का ऑक्सफोर्ड कहा जाता था परंतु आज शैक्षणिक स्टाफ आदि की कमी के कारण पठन-पाठन के स्तर में भारी गिरावट आई है।

मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से मांग करती हूँ कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की नियुक्ति हेतु शीघ्र कदम उठाए जाएं, ताकि शिक्षण कार्य सुचारू रूप से हो सके और गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल सके।

इसके साथ ही मैं एक और मांग करती हूँ कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय का नाम बदलकर प्रयागराज विश्वविद्यालय किया जाए।